




... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 11 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 193 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया










# शांतिवार्ता से पहले धमकी

## अपनी-अपनी शर्तों पर अड़े अमेरिका और ईरान

● ट्रंप ने जारी की चेतावनी

● ईरान ने कहा हमें अमेरिका पर भरोसा नहीं

**इस्लामाबाद।** अमेरिका-इस्राइल और ईरान के बीच शनिवार को इस्लामाबाद में शांति वार्ता होनी है। संभावना जताई जा रही है कि इस अमेरिका-ईरान के बीच इस शांति वार्ता से पश्चिम एशिया संकट का हल निकल सकता है। हालांकि, इसकी उम्मीदें कम ही हैं। ऐसा कहने की सबसे बड़ी वजह है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का हालिया बयान। वहीं, ईरान भी अमेरिका के आगे झुकने को तैयार नहीं है। पश्चिम एशिया में शांति प्रयासों के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक चेतावनी जारी की। उन्होंने कहा कि अगर इस्लामाबाद में शांति वार्ता विफल होती है, तो अमेरिका ईरान पर अपने सबसे बेहतरीन हथियारों का इस्तेमाल करके एक बड़ा सैन्य हमला करने के लिए तैयार है। गौरतलब है कि पश्चिम एशिया में हालिया तैनातियों के बाद अमेरिकी सैनिकों की संख्या 50000 के पार पहुंच गई है। वहां पहले से ही करीब 2500 मरीन और 2500 नौसैनिक मौजूद हैं। अमेरिकी युद्धपोतों की संख्या भी खाड़ी क्षेत्र में बढ़ी है। वहीं, कई युद्धपोत पश्चिम एशिया की ओर रवाना भी हुए हैं। ईरानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर गालिबाफ कर रहे हैं, जो विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ आधी रात के बाद इस्लामाबाद पहुंचे। वहीं, अमेरिकी टीम का नेतृत्व उपराष्ट्रपति जेडी वेंस कर रहे हैं, जिनके साथ विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर भी शामिल हैं। इसके साथ अमेरिकी सेना के सेंट्रल कमांड के अधिकारी ब्रैड कूपर भी वहां पहुंचे हैं। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इन वार्ताओं को 'मेक ऑर ब्रेक' (बनेगा या टूटेगा) करार दिया है। शांति वार्ता से पहले ईरान के संसदीय अध्यक्ष मोहम्मद बाकेर गालिबाफ के नेतृत्व में एक ईरानी प्रतिनिधिमंडल इस्लामाबाद पहुंचा। वहीं, अमेरिका के साथ होने वाली शांति वार्ता से पहले गालिबाफ ने साफ कर दिया है कि ईरान की पहले की शर्तें पूरी होने पर ही बातचीत आगे बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत के लिए तैयार, लेकिन हमें अमेरिका पर भरोसा नहीं है। गालिबाफ ने यह भी कहा कि तेहरान की मांगों में लेबनान में युद्धविराम शामिल है। पाकिस्तान ने भी कहा कि यह अमेरिका के साथ युद्धविराम का हिस्सा होना चाहिए था।



## पश्चिम बंगाल में रैली से पहले पीएम का जनता से सीधा संवाद




**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में चुनावी गतिविधियां अब चरम पर पहुंच चुकी हैं। सभी राजनीतिक दल मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए पूरी ताकत झोंक रहे हैं। इस बार राज्य में कुल 294 विधानसभा सीटों पर चुनाव हो रहे हैं। पूर्व बर्धमान में होने वाली भाजपा की रैली से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक वीडियो जारी कर राज्य की जनता से सीधा संवाद किया। उन्होंने हेलीपैड पर जुटी भारी भीड़ को 'अद्भुत दृश्य' बताया और कहा कि भीषण गर्मी के बावजूद लोगों का जोश कम नहीं हुआ है। पीएम मोदी ने वीडियो में कहा कि दोपहर से पहले ही तेज धूप के बावजूद लोग बड़ी संख्या में हेलीपैड पर पहुंच गए थे। उन्होंने कहा कि यह उनकी दिन की पहली सभा है और सभा स्थल पर पहुंचने से पहले ही बड़ी संख्या में लोग उनका इंतजार कर रहे थे।

## टूरिस्ट बस और कार में भिड़ंत, 25 लोग घायल

**सीतापुर।** यूपी के सीतापुर में शनिवार को टूरिस्ट बस और कार में भिड़ंत हो गई। हादसे में बस सवार 25 लोग घायल हुए हैं। ये सभी लोग लखनऊ के सचिवालय कालोनी के रहने वाले हैं। टूरिस्ट बस लखनऊ से नैमिष धाम जा रही थी। हादसा संदना थाना क्षेत्र के सिधौली-मिश्रिख मार्ग स्थित रालामऊ गांव के पास हुआ। बताया गया कि हादसे में ड्राइवर चंदन शर्मा पुत्र सीताराम शर्मा निवासी कानपुर रोड, सेक्टर-G, एलडीए कॉलोनी, लखनऊ घायल है। लेकिन, वह कार लेकर मौके से भाग गया है

## दफ्तर में महिला को घूरना अपराध नहीं!



**मुम्बई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने वर्कप्लेस पर व्यवहार को लेकर एक बेहद अहम फैसला सुनाया है. अदालत ने साफ किया है कि ऑफिस में किसी महिला सहकर्मी के सीने को घूरना या टकटकी लगाकर देखना नैतिक रूप से पूरी तरह गलत और अपमानजनक हो सकता है, लेकिन इसे भारतीय दंड संहिता की धारा 354C के तहत 'ताक-झांक' का अपराध नहीं माना जा सकता। कोर्ट ने साफ लफ्जों में कहा कि नैतिकता और कानून के बीच एक महीन लकीर होती है और किसी भी कानून की व्याख्या उसके तय दायरे से बाहर जाकर नहीं की जा सकती। न्यायमूर्ति अमित बोरकर की एकल पीठ ने यह फैसला मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के एक कर्मचारी अभिजीत निगुडकर के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करते हुए सुनाया. अदालत ने माना कि भले ही आरोपी का व्यवहार किसी भी पेशेवर माहौल के लिहाज से अशोभनीय रहा हो, लेकिन तकनीकी और कानूनी आधार पर उसे 'वॉयरिज्म' के दायरे में नहीं बांधा जा सकता।

## मॉर्निंग वॉक पर निकले वकील की गोली मार कर हत्या

● सीसीटीवी कैमरे में भागते दिखायी दिए हत्यारे

● पुरानी अदावत की थ्योरी पर पड़ताल कर रही पुलिस



**मिर्जापुर।** मिर्जापुर जिले के कटरा कोतवाली क्षेत्र के कतवारू का पूरा सदभावना नगर में शनिवार की सुबह टहलने निकले पूर्व प्रधान व अधिवक्ता राजीव सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मौके पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक जांच करने पहुंचीं। उधर, हत्या की घटना का वीडियो सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गया है। विंध्याचल थाना क्षेत्र के देवरी गांव के पूर्व प्रधान, प्रधानपति व अधिवक्ता राजीव सिंह (50) शहर के कटरा कोतवाली क्षेत्र के कटवारू का पूरा स्थित सद्भावना नगर कॉलोनी में कई वर्षों से रह रहे थे। प्रतिदिन की तरह शनिवार की सुबह व टहलने निकले थे। टहलकर घर वापस आ रहे थे कि सद्भावना नगर चौराहे के पास बाइक से दो लोग पहुंचे। इसमें एक ने तमंचे से उनके सीने में गोली मार दी। गोली मारने के बाद बाइक सवार दोनों व्यक्ति भाग निकले। घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। जिसमें बदमाश गोली मार कर भागते हुए दिखाई दे रहा है। गोली लगने के बाद राजीव सिंह को मंडलीय अस्पताल लेकर आया गया। जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गईं। पुलिस टीम को बदमाश की गिरफ्तारी के लिए लगाया गया है।

## बंगाल में चुनाव से पहले पार्थ चटर्जी के ठिकानों पर छापेमारी

**कोलकाता।** ईडी ने पश्चिम बंगाल के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी से जुड़े ठिकानों पर बड़ी कार्रवाई की है। यह कार्रवाई शिक्षक भर्ती से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले (पीएमएलए केस) में की जा रही है। ईडी की टीम कोलकाता में दो जगहों पर तलाशी अभियान चला रही है। इनमें एक जगह पार्थ चटर्जी का घर है, जबकि दूसरी जगह प्रसन्ना कुमार रॉय का दफ्तर है, जो इस मामले में पहले से ही जेल में बंद हैं। अधिकारियों के मुताबिक, यह छापेमारी शिक्षक भर्ती घोटाले में पैसों के लेन-देन और उससे जुड़े सबूत जुटाने के लिए की जा रही है। जांच एजेंसी ने बताया कि पार्थ चटर्जी को स्कूल सर्विस कमीशन (एसएससी) भर्ती घोटाले में जांच अधिकारी के सामने पेश होने के लिए तीन बार समन भेजा गया था, लेकिन उन्होंने एक बार भी हाजिर नहीं हुए। इसके बावजूद वे लगातार पूछताछ से बचते रहे।

## ईरान को हथियारों की नयी खेप देने की तैयारी में चीन!



● वैश्विक कूटनीति में नयी टेंशन

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन नाजुक सीजफायर के बीच ईरान को एयर डिफेंस सिस्टम भेजने की तैयारी कर रहा है। इस खुलासे ने वैश्विक कूटनीति में नए तनाव और सवाल खड़े कर दिए हैं। अमेरिका की खुफिया रिपोर्टों ने एक चौंकाने वाले खुलासे की ओर इशारा किया है, जिसके अनुसार चीन अगले कुछ हफ्तों में ईरान को नई वायु रक्षा प्रणालियां भेजने की तैयारी कर रहा है। यह कदम ऐसे समय में उठाया जा रहा है जब अमेरिका और ईरान के बीच अस्थायी सीजफायर बेहद नाजुक स्थिति में है। चीन द्वारा भेजे जाने वाले सिस्टम में मैन-पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम शामिल हो सकते हैं।

## बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में आयुष शेट्टी ने रचा इतिहास

**निंगबो (चीन)।** भारत के 20 साल के युवा शटलर आयुष शेट्टी ने बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में बड़ा उलटफेर करते हुए वर्ल्ड नंबर-1 कुनलावुत वितिदसरन को हराकर फाइनल में जगह बना ली। चीन के निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए सेमीफाइनल में आयुष ने जबरदस्त वापसी करते हुए 10-21, 21-19, 21-17 से जीत दर्ज की। यह मुकाबला 75 मिनट तक चला और इस दौरान भारतीय खिलाड़ी ने दबाव में शानदार खेल दिखाया। दोनों खिलाड़ी इससे पहले पिछले साल आर्कटिक ओपन में भिड़े थे, जहां वितिदसरन ने सीधे गेम में जीत हासिल की थी, लेकिन इस बार आयुष ने शानदार वापसी करते हुए हिसाब बराबर कर लिया। पहला गेम हारने के बाद जिस तरह उन्होंने वापसी की, उसने उनकी मानसिक मजबूती को भी साबित किया।






## थाईलैंड से पकड़ कर भारत लाया गया गैंगस्टर

**गुरुग्राम।** हरियाणा और एनसीआर में कई अपराधों को अंजाम देने वाले गैंगस्टर साहिल चौहान को हरियाणा स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) थाईलैंड से ले आई है। साहिल चौहान को विदेश से प्रत्यर्पण कराया गया। इसे बीते दिनों थाईलैंड में गिरफ्तार कर लिया गया था। बताया गया कि उसे डिपोर्ट करने की कई दिनों से प्रक्रिया चल रही थी। गैंगस्टर शनिवार सुबह दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचा, जहां से एसटीएफ टीम उसे लेकर भोंडसी मुख्यालय पहुंची। साहिल चौहान पर कई गंभीर मामले दर्ज हैं। उस पर हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, जबरन वसूली जैसे मामले हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह एनआईए के रडार पर था और आतंकी-गैंगस्टर गठजोड़ के मामले में भी वांछित था।

## नौका हादसा : सात श्रद्धालु अभी भी लापता

### आज सुबह बीस मोटरबोट लेकर यमुना में उतरे गोताखोर



● एक और शव मिला, दस लाशें भिजवायी गयीं पंजाब

**मथुरा।** यमुना में शुक्रवार को पैंटून पुल के पीपे से टकराकर पलटी मोटरबोट में सवार सात श्रद्धालुओं का अभी तक पता नहीं चल पाया है। रात एक बजे तक बचाव कार्य करने के बाद सुबह साढ़े पांच बजे से फिर एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के गोताखोर 20 मोटरबोट के साथ यमुना में उतर गए। करीब दस किलो मीटर के दायरे में लापता लोगों की खोज की जा रही है, लेकिन अब तक कोई पता नहीं चल सका है। प्रशासन की सूची में अभी चार से पांच लोग लापता हैं, लेकिन ऐसे लापता श्रद्धालु भी पहुंचे हैं, जिनके परिवार के सदस्य नाव में सवार थे और गायब हैं। ऐसे में अब लापता श्रद्धालुओं की संख्या सात मानी जा रही है। अभियान के दौरान यमुना में शुक्रवार को डूबे पंजाब के श्रद्धालुओं में एक और माणिक टंडन का शव शनिवार सुबह मिल गया है। अब तक 11 शव बरामद किए गए हैं।

जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव
● तापमान अधिकतम : 36.7°C
● तापमान न्यूनतम : 20.8°C
● सूर्योदय : 06.11
● सूर्यास्त : 06.05
वाराणसी, 11 अप्रैल, शनिवार, 2026 (3)





# देवर ने भाभी को कुल्हाड़ी से काटा

## घटना को अंजाम देकर मौके पर ही बैठा रहा कातिल

**● पैर कटने के बाद भी जान से न मारने की दुहाई देती रही मकतूला**

**वाराणसी।** वाराणसी में शनिवार सुबह एक युवक ने अपनी भाभी की कुल्हाड़ी से बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी ने महिला पर ताबड़तोड़ कई वार किए, इस दौरान वह जान की भीख मांगती रही। महिला के सिर, गर्दन, पैर पर वार किया। जिससे उसका एक पैर भी कटकर अलग हो गया। खून से लथपथ हालत में काफी देर तक तड़पने के बाद महिला मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, किसी बात को लेकर युवक का अपने भाभी से विवाद हो गया था। इसी दौरान गुस्से में आरोपी ने उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। सूचना मिलते ही रेलकर्मी पति घर पहुंचा और पत्नी की लाश से लिपटकर रोने लगा। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को कुल्हाड़ी के साथ गिरफ्तार कर लिया। घटना मिर्जामुराद थाना क्षेत्र की है। महिला की पहचान पूनम पटेल (28) के



रूप में हुई है। उनके पति सुजीत कुमार (32) वाराणसी के रेलवे कार्यालय में ग्रुप-डी में तैनात हैं। सुजीत कुमार अपने परिवार के साथ लच्छापुर गांव में रहते हैं। यहां पत्नी पूनम पटेल, भाई अजीत पटेल और माता-पिता भी साथ रहते थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर अजीत पटेल का अपनी भाभी से विवाद हो गया, जिसके बाद वह उन्हें गालियां देने लगा। विवाद बढ़ने पर गुस्से में आकर अजीत ने कुल्हाड़ी से पूनम पटेल पर हमला कर दिया। आरोपी ने महिला के पैर पर इतनी जोर से वार किया कि पैर कटकर अलग हो गया। गंभीर रूप से घायल पूनम रोते हुए अपनी जान की भीख मांगती रही, लेकिन आरोपी ने सिर और गर्दन पर भी कई वार किए, जिससे वह मौके पर ही बेसुध होकर गिर पड़ी और काफी देर तक खून बहने से उसकी मौत हो गई।

## ईरान-अमेरिका युद्ध से प्रभावित व्यापारियों ने मांगा राहत पैकेज

**● बढ़ती परिवहन लागत, महंगा आयात और लड़खड़ाते बाजार से कारोबारियों की कमर टूट गयी**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** महानगर उद्योग व्यापार समिति के पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार से व्यापारियों के लिए तत्काल राहत पैकेज की मांग की है। संस्था के कार्यवाहक अध्यक्ष श्रीनारायण खेमका, महामंत्री अशोक जायसवाल एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुज डीडवानिया ने संयुक्त रूप से कहा कि वैश्विक तनाव और पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के कारण अंतरराष्ट्रीय व्यापार, शिपिंग लागत और कच्चे माल की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। बढ़ती परिवहन लागत, महंगा आयात और बाजार में मांग की कमजोरी से छोटे एवं मध्यम व्यापारियों पर सीधा प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। संस्था के वरिष्ठ सदस्य घनश्याम जायसवाल, सोमनाथ विश्वकर्मा एवं मेयर सहाय ने मांग की है कि सरकार जीएसटी दरों में अस्थायी राहत, बैंक ऋण पर ब्याज सब्सिडी, बिजली बिल में छूट तथा कार्यशील पूंजी हेतु आसान ऋण सुविधा उपलब्ध कराए, जिससे बाजार में नकदी का प्रवाह बना रहे। उनका कहना है कि यदि वर्तमान परिस्थितियों में राहत नहीं मिली तो खुदरा व्यापार, आयात आधारित उद्योग और छोटे कारोबारी सबसे अधिक प्रभावित होंगे।

## बीएचयू IMS गोदाम में लगी आग, पास में ही चल रही थी क्लास

**वाराणसी।** काशी हिंदू विश्वविद्यालय के आईएमएस परिसर में शनिवार को गोदाम में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि तार में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग ने देखते ही देखते बड़ा रूप ले लिया। जिस स्थान पर आग लगी, उसके पास ही छात्रों की क्लास चल रही थी। स्थिति को देखते हुए सभी छात्रों को तुरंत बाहर निकाला गया। मौके पर मौजूद लोगों के मुताबिक जिस गोदाम में आग लगी, वहां रंग-रोगन से जुड़ा सामान रखा हुआ था। साथ ही दो से तीन सिलेंडर भी रखे थे, जिससे खतरा और बढ़ गया। सूचना मिलते ही करीब 10 मिनट के अंदर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच गई। बिजली काटकर शुरू किया गया बचाव विश्वविद्यालय प्रशासन ने तुरंत पूरे इलाके की बिजली कटवाई और आग बुझाने का काम शुरू किया गया।

# कारीगरी और डिज़ाइनों का अनूठा संगम

## रथयात्रा पर चेतमणि जेम्स एण्ड ज्वेल्स का पुनः शुभारम्भ

**● रिलॉन्च के मौके पर विशेष ऑफर एवं आकर्षक छूट**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** विश्वास, परंपरा और उत्कृष्टता की पहचान चेतमणि जेम्स एंड ज्वेलर्स एक नए भव्य रूप में नए कलेक्शन के साथ रथयात्रा में अपने भव्य पुनः शुभारंभ की घोषणा करता है। यह नई शुरुआत पारंपरिक कारीगरी और आधुनिक डिज़ाइनों के अनूठे संगम को प्रस्तुत करती है। यहाँ ग्राहकों को सोना, हीरा, चाँदी और बहुमूल्य रत्नों



के आकर्षक एवं प्रमाणित आभूषणों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध होगी, जो हर खास अवसर को और भी यादगार बनाएगी। नया शोरूम आधुनिक सुविधाओं, सुसज्जित वातावरण और व्यक्तिगत ग्राहक सेवा के साथ एक बेहतरीन खरीदारी अनुभव प्रदान करता है। पारदर्शी मूल्य ग्राहकों का विश्वास और भी मजबूत बनाएंगे। इस अवसर पर गुंजन अग्रवाल ने कहा: 'यह पुनः शुभारंभ हमारे रथयात्रा ब्रांच के लिए एक नई शुरुआत है, जो गुणवत्ता, विश्वास और ग्राहक संतुष्टि के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और सशक्त बनाता है। हम अपने सभी ग्राहकों का दिल से स्वागत करते हैं।' रिलॉन्च के उपलक्ष्य में सीमित समय के लिए विशेष ऑफर एवं आकर्षक छूट उपलब्ध। इस विशेष अवसर पर अतिथियों का धन्यवाद विशाल अग्रवाल और राखी अग्रवाल ने दिया।

## बीस हजार रुपया घूस मांग रहे थे जेई और लाईनमैन, रंगे हाथ पकड़े गए



**वाराणसी।** भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एंटी करप्शन टीम वाराणसी ने शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए विद्युत विभाग के एक जूनियर इंजीनियर (जेई) और एक लाइनमैन को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 10 अप्रैल 2026 को लगभग 2:55 बजे शिकायतकर्ता शुभम श्रीवास्तव, निवासी उत्तरी ककरमत्ता, भाना मंडुआडीह वाराणसी ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी कि विद्युत विभाग के अधिकारी उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज न कराने के लिए 20 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहे हैं। शिकायत के आधार पर एंटी करप्शन टीम ने एक जाल बिछाया और पावर हाउस मंडुआडीह के पास से दोनों आरोपियों को रिश्वत लेते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपियों में लक्ष्मण कुमार (लाइनमैन, संविदाकर्मी) निवासी नैपुरा कला थाना लंका और नवनीत कुमार (जूनियर इंजीनियर) निवासी जवांवा थाना गोपीगंज जनपद भदोही शामिल हैं।

## लायंस ने किया 17 वॉटर कूलर प्यूरीफायर का लोकार्पण



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** लायंस इंटरनेशन मंडल द्वारा निःशुल्क प्यूरीफाइड शीतल जल परियोजना के अंतर्गत 17 वॉटर कूलर प्यूरीफायर का लोकार्पण महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, प्रदीप अग्रहरी द्वारा कमच्छा स्थित इलेक्ट्रानिक प्रतिष्ठान पर किया गया। लोकार्पण कार्यक्रम में लायन अभिनव सिंह, लायन बलबीर सिंह बग्गा, लायन रविन्द्र सग्गर, लायन उदय चन्दानी, लायन उमेश चंद्र कक्कड़, लायन डॉ. अर्पणधर दूबे एवं साधना वेदांती, आत्मविशेश्वर, चंद्रशेखर उपाध्याय, विनोद भारद्वाज, मधुकर चित्रांश, राकेश जायसवाल, अनिल उपाध्याय, मधुप सिंह, अवधेश राय, अशोक कुमार पाण्डेय, प्रमील पाण्डेय आदि रहे।

## अक्षय तृतीया पर बन रहे कई दुर्लभ योग



**वाराणसी।** इस वर्ष अक्षय तृतीया का पर्व 20 अप्रैल, सोमवार को मनाया जाएगा। यह तिथि 19 अप्रैल को दोपहर 1:01 बजे से प्रारंभ होगी और 20 अप्रैल को सुबह 10:39 बजे तक रहेगी। चूंकि यह उदया तिथि है, इसलिए पर्व का आयोजन 20 अप्रैल को किया जाएगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, इस बार अक्षय तृतीया अत्यंत विशेष और शुभ संयोग लेकर आ रही है। इस दिन कई महत्वपूर्ण योग बन रहे हैं, जिनमें सौभाग्य योग, आयुष्मान योग, गृह योग और स्थिर योग प्रमुख हैं। इसके अतिरिक्त, चंद्रमा अपनी उच्च राशि कर्क और सूर्य अपनी उच्च राशि मेष में विराजमान रहेंगे।

### मारवाड़ी महिला सम्मेलन के विदिशा शाखा का शपथ ग्रहण समारोह

## सरोज बनीं अध्यक्ष, प्रीति सचिव



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन की विदिशा शाखा के नए सत्र 2026-27 की पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण महमूरगंज स्थित होटल संकल्प में हुआ सत्र 2026-27 के लिए सरोज तुलस्यान को अध्यक्ष, सचिव प्रीति बाजोारिया, कोषाध्यक्ष चंदन खेमका, प्रचार मंत्री समता डीडवानिया बनाई गयीं। बैठक का संचालन संस्था की अध्यक्ष मनीषा अग्रवाल ने किया। संस्था की संस्थापिका अध्यक्ष मधु तुलस्यान ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। शाखा की सदस्यों ने अंताक्षरी का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अंत में स्वादिष्ट चाट एवं स्वरुचि व्यंजन का लुफ्त उठाया।

## खेल में अनुशासन का बड़ा महत्व



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के राजीव गांधी दक्षिण परिसर बरकछा में आज तीन दिवसीय राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला 'सॉफ्टबॉल में उन्नत नियम व्याख्या, ऑफिशिएटिंग एवं कोचिंग तकनीक' का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में खेल के व्यावहारिक पक्षों पर विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो.ए.के. नेमा, महासचिव, स्पोर्ट्सबोर्ड, बी.एच.यू. उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में खेलों में अनुशासन, नियमों की समझ एवं प्रशिक्षित अधिकारियों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. बी.एम.एन.कुमार, आर्चाय प्रभारी, आर.जी.एस.सी. ने की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशालाएं खेल संस्कृति को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यशाला का सम्पूर्ण संयोजन किरण आर्या ने किया। देशभर से आए प्रतिभागियों की सक्रिय भागीदारी इस कार्यशाला को ज्ञान एवं कौशल विकास का एक महत्वपूर्ण मंच बना रही है।






## भीषण गर्मी का अलर्ट

**वाराणसी।** वाराणसी में गर्मी अपना असर दिखाने लगी है। शनिवार सुबह से मौसफ साफ रहा। तेज धूप निकली है। तेज हवाएं भी चलीं। मौसम विभाग ने अगले 15 दिन भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान अधिकतम तापमान में 8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान में 6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यॉंत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है :-

**निविदा सं. एवं कार्य का विवरण : EL-MWS-GKP-2026-27-02,** हायरिंग आफ ट्रैक्टर विथ ट्राली फार टू इयर्स फार डिस्पोजल आफ स्क्रैप इन मैकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर, **अनुमानित लागत :** रु. 25,14,428.00, **बयाने की राशि :** रु. 50,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** 0.00, **कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से :** 24 महीना।

• आनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि **30.04.2026 समय 11:00 बजे तक।** • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (कार.)/**
**मुजाधि/विद्युत-11 पू.उ.रे./गोरखपुर**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें




## अब धोबी घाट की भी बदलेगी तस्वीर

**● महापौर ने किया निरीक्षण**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** बरसात के मौसम में शहर को जलभराव की समस्या से बचाने के लिए स्वयं महापौर अशोक कुमार तिवारी मैदान में हैं। शुक्रवार को महापौर ने नदेसर और वरुणापार जोन के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्हों ने नदेसर वार्ड स्थित धोबी घाट के रास्ते को तत्काल पक्का वहां से अवैध कब्जा हटाने और सुरक्षा की दृष्टि से रेलिंग लगाने के निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि नालों पर किए गए किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सफाई कार्य में लापरवाही बरतने वालों पर कार्रवाई होगी। इस दौरान पार्षद सुशील गुप्ता योगी, मदन मोहन दुबे, सिद्धनाथ शर्मा, संदीप रघुवंशी, दिनेश यादव, अमित मौर्या सहित अपर नगर आयुक्त सविता यादव और जोनल अधिकारी जितेंद्र आनंद मुख्य रूप से उपस्थित रहे।


**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।
रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## देवरिया समाचार

### देवरिया में घर के पीछे मिला युवक का शव



**देवरिया।** जिले के श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के मिश्रौली कुर्मी टोला में शुक्रवार सुबह एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान कुसौंधा गांव निवासी 24 वर्षीय अमन महतो पुत्र पारस महतो के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्रथम दृष्टया यह मामला संदिग्ध लग रहा है, जिससे ग्रामीणों में हत्या की आशंका है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब सात बजे गांव के नंदकिशोर यादव के घर के पीछे कुछ महिलाएं लकड़ी लेने गई थीं। इसी दौरान उन्होंने जमीन पर मुंह के बल पड़े एक युवक को देखा। पास जाकर देखने पर युवक की हालत संदिग्ध लगी, जिसके बाद उन्होंने शोर मचाया। महिलाओं की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंचे और शव की पहचान अमन महतो के रूप में की। अमन विवाहित था और अपने परिवार की जिम्मेदारियां निभा रहा था। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह ने बताया कि शव पर फिलहाल किसी भी प्रकार के बाहरी चोट के स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सोनभद्र समाचार

### कचहरी से लौट रहे बुजुर्ग घर से 300 मीटर दूर विश्राम के लिए रुके, मौत

**घोरावल।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के पेढ़ नौगढ़वा में एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हुई। बृहस्पतिवार की शाम को सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। चौकी इंचार्ज त्रिभुवन राय ने बताया कि पेढ़ ग्राम पंचायत के नौगढ़वा टोला निवासी अमरजीत गोड़ (85) बुधवार को जिला मुख्यालय पर कोर्ट कचहरी के चक्कर में काम से गए थे। वहां से घर जा रहे थे लेकिन तीन सौ मीटर पहले ही विश्राम करने लगे थे। इसके बाद से वह नहीं जागे। बताया गया कि उनका घर पर आना जाना कोई खास नहीं होता था। घर वाले जब कुछ देर बाद उनके पास पहुंचे तो वह मरणासन्न स्थिति में पड़े थे। शरीर में कोई प्रतिक्रिया न होने पर तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## चंदौली समाचार

### एसआईआर के बाद कटे 167931 वोटरों के नाम, अब चंदौली की मतदाता सूची में 13 लाख 20 हजार 890 के नाम




**चंदौली।** जिले में एसआईआर के बाद 1 लाख 67 हजार 931 मतदाताओं के नाम कटे हैं। अब जिले की मतदाता सूची में 13 लाख 20 हजार 890 मतदाताओं के नाम शामिल हैं। जिले की मतदाता सूची में 7 लाख 19 हजार 567 पुरुष और 6 लाख 01 हजार 294 महिला मतदाता शामिल हैं। वहीं 29 थर्ड जेंडर मतदाताओं के नाम भी सूची में हैं। शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र मोहन गर्ग ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी उपलब्ध कराई। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र मोहन गर्ग और उपजिला निर्वाचित अधिकारी राजेश कुमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मतदाता सूची की जानकारी दी। डीएम ने बताया कि जिले में 04 नवंबर से 26 दिसंबर तक मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित कराकर उनसे भरे हुए गणना प्रपत्र प्राप्त किए गए थे। गणना के दौरान जिले में कुल 14 लाख 88 हजार 821 मतदाता पंजीकृत थे। इनमें से 2 लाख 30 हजार 86 मतदाताओं के गणना प्रपत्र विभिन्न कारणों मृत्यु अथवा जिनकी पहचान न हो सकी, अनुपस्थित, स्थायी रूप से शिफ्टेड, डुप्लीकेट व अन्य कारणों से नाम हटा दिए गए। बीते 06 जनवरी 2026 को कुल 12 लाख 58 हजार 735 मतदाताओं की सूची प्रकाशित की गई।

## सुल्तानपुर समाचार

### किशोरी की मौत के मामले में तीन युवकों पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज

**जयसिंहपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में विषाक्त पदार्थ से नाबालिग लड़की की मौत के मामले में पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की है। क्षेत्र एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसकी 15 वर्षीय बेटी सात अप्रैल की सुबह किताब लाने के लिए बरौंसा बाजार के लिए निकली थी। आरोप है कि गांव के ही शनि गौतम, अरुण गौतम और सचिन गौतम ने पीछा कर उसे पकड़कर जबरन जहरीला पदार्थ खिला दिया। इसके बाद लड़की घर लौट आई और पूरी बात मां को बताई। लड़की की हालत गंभीर देखकर उसे मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर ले गए। जहां दोपहर करीब ढाई बजे उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद 8 अप्रैल को परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया था।

## आजमगढ़ समाचार

### रेलवे चलाएगा मुंबई, आगरा और कोलकाता के लिए विशेष ट्रेनें, यहां देखें- शेड्यूल



**आजमगढ़।** गर्मी में रेलवे की ओर से कई स्पेशल ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि ट्रेन संख्या 05047/05048 बनारस- कोलकाता-बनारस ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन बनारस से 14, 21 एवं 28 अप्रैल को हर मंगलवार और 15, 22 एवं 29 अप्रैल को हर बुधवार को चलेगी। इसमें 05047 बनारस-कोलकाता ट्रेन बनारस से सुबह 10:45 वजे प्रस्थान कर वाराणसी जंक्शन 11:00 बजे पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 09195/09196 प्रतापनगर- मऊ-प्रतापनगर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी का संचालन प्रतापनगर से 11 अप्रैल से शुरू होकर 25 जुलाई तक हर शनिवार को और मऊ से 12 अप्रैल से 26 जुलाई तक हर रविवार को किया जाएगा। इसमें प्रतापनगर से शाम 4:00 बजे चलकर वडोदरा, गोधरा, कोटा होते हुए दूसरे दिन गंगापुर सिटी पर रात 1:35 बजे पहुंचेगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या 01073 लोकमान्य तिलक टर्मिनल से बनारस तक 6 मई से 15 जुलाई तक हर बुधवार और बृहस्पतिवार को चलेगी।

## बलिया समाचार

### शराब पार्टी के बाद दोस्त से विवाद, युवक को पेड़ से बांधकर पीटा, मौत

**बूढ़नपुर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के पियरिया धर्मशाला के पास बृहस्पतिवार की शाम करीब सात बजे कुछ लोगों ने पेड़ से बांधकर भरौली गांव निवासी रोशन कुमार की जमकर पिटाई कर दी। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, शराब पीने के दौरान हुए विवाद में यह घटना हुई है। शुक्रवार की सुबह मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राजू निषाद, उसकी पत्नी मुद्रिका, बेटा राज निषाद और दादा खोभारी निषाद के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली। खोभारी और मुद्रिका को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक बाल अपचारी को संरक्षण में लिया गया। कप्तानगंज थाना क्षेत्र के भरौली गांव निवासी प्रभावती पत्नी स्व. रामनिहोर ने बताया कि उनका 26 वर्षीय बेटा रोशन कुमार बृहस्पतिवार की शाम मजदूरी कर घर लौटा था।

## मीरजापुर समाचार

### मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन के सम्बंध में जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रतिनिधियों से पत्रकार वार्ता कर दी जानकारी



**मीरजापुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर किए गए विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार द्वारा प्रमुख राजनैतिक दलो के पदाधिकारियो के साथ बैठक कर उन्हें विधानसभावार मतदाता सूची की प्रति प्रदान किया। तत्पश्चात प्रेस प्रतिनिधियो से पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अर्हता तिथि 01.01.2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अन्तर्गत गणना प्रपत्रों के वितरण/संग्रहण का कार्य 04.11.2025 से 26.12.2025 तक किया गया है। इस दौरान पिछले विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण-2003 के मतदाता सूची से मतदाताओ को मैप करने की कार्यवाही की गई तथा इस प्रकिया के अन्य किया कलापों के संबंध मे बूथ स्तर पर मुनादी, एनाउन्समेन्ट एवं विभिन्न समाचार पत्रों आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है। 27.12.2025 को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर सुपरवाईजरों की अध्यक्षता में बी0एल0ओ0 एवं बी0एल0ए0 की बैठक करायी गयी तथा विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बी0एल0ए0 के साथ निरन्तर वार्ता एवं समन्वय स्थापित किया गया। ऐसे मतदाता जिनके गणना प्रपत्र वापस प्राप्त नहीं हुए उनके सत्यापन के उपरान्त मृतक/शिफ्टेड/डुप्लीकेट एंव अन्य श्रेणी के मतदाताओं की सूची विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा नियुक्त बी0एल0ए0 के साथ साझा की गयी तथा इसकी जानकारी जनपद के विभिन्न राजनैतिक दलों को जनपद स्तर पर प्रदान की गयी। आयोग द्वारा निर्वाचक नामावलियों के आलेख्य प्रकाशन हेतु नियत 06.01.2026 को जनपद में समस्त मतदेय स्थलों पर आलेख्य सूची को प्रकाशित किया गया तथा निर्वाचक नामावलियों को मतदाताओं के समक्ष समस्त बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा पढ़कर सुनाया गया। आलेख्य प्रकाशन में मतदाताओं की संख्या निम्नवत थीः जिनमें 395-छानबे (अ0ज0) में पुरूष मतदाता-174679, महिला मतदाता-145303 अन्य मतदाता शून्य तथा कुल मतदाता-319982 थे।

## भदोही समाचार

### होमगार्ड की परीक्षा के लिए जिले में बनाए गए छह केंद्र

**ज्ञानपुर।** जिले में उत्तर प्रदेश होमगार्ड अभ्यर्थी परीक्षा छह केंद्रों पर होगी। यह परीक्षा 25 से 27 अप्रैल तक चलेगी। छह केंद्रों पर प्रतिदिन दो पालियों में परीक्षा होगी। एक पाली में 2496 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। 25 से 27 अप्रैल तक करीब 15 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए छह केंद्राध्यक्ष और छह मजिस्ट्रेट नामित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश होमगार्ड अभ्यर्थी परीक्षा 25 से 27 अप्रैल तक होगी। निदेशालय से इसके लिए जिले में छह केंद्र बनाए गए हैं। इसमें विभूति नारायण राजकीय इंटर कॉलेज ज्ञानपुर, काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर विश्वविद्यालय ज्ञानपुर, जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज ज्ञानपुर, ज्ञानदेवी बालिका इंटर कॉलेज भदोही, एमए समद इंटर कॉलेज भदोही, श्री इंद्र बहादुर सिंह नेशनल इंटर कॉलेज भदोही शामिल है।

## गाजीपुर समाचार

### एक लाख से ज्यादा नए वोटर जुड़े, 14 हजार नाम कटे, गाजीपुर में तीन गुना बढ़े युवा मतदाता



**गाजीपुर।** जिले में सबसे ज्यादा मुहम्मदाबाद और सबसे कम गाजीपुर विधानसभा में वोटर जुड़े। जिले में अब कुल मतदाताओं की संख्या 2630012 वोटर हो गई है। मुहम्मदाबाद में सबसे ज्यादा और गाजीपुर विधानसभा में सबसे कम मतदाता बढ़े हैं। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के तहत जिले की मतदाता सूची में बड़ा बदलाव सामने आया है। इस बार 1,01,719 नए मतदाता जोड़े गए, जबकि 14,496 नाम सूची से हटाए गए। जिले में अब कुल मतदाताओं की संख्या 2630012 वोटर हैं। इसमें पुरुष 1429806, महिला 1200171 और थर्ड जेंडर के 35 वोटर हैं, जबकि बीते 6 जनवरी को हुए आलेख्य प्रकाशन में कुल वोटरों की संख्या 2542789 थी। इसमें 1384982 पुरुष, 1157773 महिला और 46 थर्ड जेंडर वोटर थे। वहीं मुहम्मदाबाद में सबसे ज्यादा और गाजीपुर विधानसभा में सबसे कम मतदाता बढ़े हैं। यह जानकारी शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि व्यापक सत्यापन अभियान के दौरान 6,55,086 मतदाताओं को नोटिस जारी किया था। इनमें से 5,468 मतदाताओं की मैपिंग नहीं हो सकी, जिसके चलते उनके नाम अंतिम सूची से हटा दिए गए। डीएम ने बताया कि अंतिम प्रकाशित सूची के अनुसार अब जनपद में कुल मतदाताओं की संख्या 26,30,012 हो गई है, जिसमें 14,29,806 पुरुष, 12,00,171 महिलाएं और 35 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल हैं।

## मऊ समाचार

### प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या की आशंका, तीन हिरासत में

**मऊ।** सरायलखंसी थाना क्षेत्र के रणवीरपुर गांव के पास बृहस्पतिवार की सुबह आजमगढ़ के जहानागंज थाना क्षेत्र के हथौटा गांव निवासी शिवम सिंह (25) का शव मिला था। उसके मामा ने प्रेम प्रसंग में हत्या की आशंका जताई जा रही है।

मृतक के मामा की तहरीर पर पुलिस ने जांच कर एक युवती समेत तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

ग्रामीणों की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी संजय सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान मिले, जबकि पास में शराब की टूटी बोतल भी बरामद हुई। शिवम सरायलखंसी क्षेत्र के कंधेरी स्थित एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर कार्यरत था।

## जौनपुर समाचार

### डीएम ने तहसीलदार सदर का वेतन रोकाःसड़क दुर्घटना मामलों में अदालती आदेशों का पालन न करने पर कार्रवाई



**जौनपुर।** सड़क दुर्घटना से संबंधित मामलों में अदालती आदेशों का पालन न करने पर जिलाधिकारी (अ्श) ने तहसीलदार सदर का वेतन अग्रिम आदेश तक रोक दिया है। इसके साथ ही, दो अन्य मामलों में तहसीलदार बदलापुर का वेतन भी रोका गया है। यह कार्रवाई ट्रिब्यूनल जज मनोज कुमार अग्रवाल द्वारा दो दिन पहले जिलाधिकारी का वेतन रोकने के आदेश के बाद हुई है। जिलाधिकारी के स्पष्टीकरण और तहसीलदार के आश्वासन के बाद 22 अप्रैल को उनका वेतन बहाल कर दिया गया था। वेतन बहाली के उपरांत जिलाधिकारी ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान सड़क दुर्घटना के छह मामलों में कोर्ट द्वारा तहसीलदार का वेतन रोकने के आदेशों का अनुपालन करते हुए तहसीलदार सदर का वेतन रोकने का निर्णय लिया गया। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेशों के अनुसार, सड़क दुर्घटना के उन मामलों में जल्द से जल्द निस्तारण का निर्देश दिया गया है, जिनमें वाहन स्वामियों के खिलाफ वसूली के लिए आरसी (रिकवरी सर्टिफिकेट) जारी किए गए हैं। अधिकरण में ऐसे कई मामले 50 वर्षों से अधिक समय से लंबित हैं, जिनमें आरसी जारी होने के बावजूद वाहन स्वामियों से वसूली नहीं की गई है। पूर्व में भी ट्रिब्यूनल जज ने एसडीएम और तहसीलदारों का वेतन रोका था, जिससे बड़ी संख्या में मामलों का निस्तारण हुआ और पीड़ित परिवारों को वाहन स्वामियों द्वारा क्षतिपूर्ति अदा की गई। हालांकि, कुछ मामलों में लगातार लापरवाही बरतने पर कोर्ट ने जिलाधिकारी का भी वेतन रोकने का आदेश दिया था। अब प्रशासनिक अधिकारी वसूली से संबंधित मामलों में सख्ती से कार्रवाई कर रहे हैं ताकि लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण हो सके।

## महराजगंज समाचार

### ट्रैक्टर ट्रॉली की चपेट में आने से फेरी व्यवसायी की मौत, बाइक में पीछे से लगी टक्कर



**महराजगंज।** सिसवा-निचलौल मुख्य मार्ग पर सबया रेलवे क्रासिंग के समीप अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से बृहस्पतिवार की रात एक 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। इस हादसे के बाद मौके से ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। बृहस्पतिवार को सिसवा कस्बे के गोपाल नगर निवासी मोहन वर्मा (45) बहुआर बाजार से अगरबत्ती बेच कर लौट रहे थे। जैसे ही वह सबया क्रासिंग पर पहुंचे तभी सड़क हादसा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियो ने बताया कि मोहन वर्मा जैसे ही सबया रेलवे क्रॉसिंग से निकले तभी सिसवा की ओर से आ रही एक अनियंत्रित ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनके बाइक को टक्कर मार दी, जिसके बाद वह नीचे गिर गए उसके बाद ट्रैक्टर उनके ऊपर पलट गया। नीचे दबे मोहन को स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला गया और घायल की गंभीर अवस्था को देखते हुए एंबुलेंस से तत्काल सिसवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत मोहन को मृत घोषित कर दिया। इस दौरान ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची कोठीभार पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

## प्रयागराज समाचार

### प्रयागराज में फिर बढ़ी गर्मी, तेज धूप से चढ़ा पाराःरात में ठंडी हवा से मिल रही राहत



**प्रयागराज।** पिछले कुछ दिनों तक चली तेज आंधी और बारिश के बाद अब मौसम पूरी तरह साफ हो गया है। शनिवार सुबह से ही तेज धूप निकल आई, जिससे गर्मी ने फिर से अपना असर दिखाना शुरू कर दिया। दिन में कड़क धूप पड़ने से तापमान बढ़ रहा है और लोगों को गर्मी महसूस होने लगी है। हालांकि, रात के समय चल रही ठंडी हवाओं से तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है। इससे सुबह और रात में हल्की ठंडक महसूस हो रही है। फिलहाल शहर में दिन और रात के मौसम में साफ अंतर देखने को मिल रहा है। दिन में गर्मी बढ़ रही है, जबकि रात में मौसम सुहावना बना हुआ है। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार को न्यूनतम तापमान करीब 22 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। मौसम साफ रहने के कारण आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ सकता है। मौसम खुलने से किसानों को बड़ी राहत मिली है। हाल ही में हुई बेमौसम बारिश और तेज आंधी से गेहूं की पकी फसल को काफी नुकसान पहुंचा था। कई जगहों पर फसल खेतों में गिर गई थी और बारिश से भीगने के कारण नुकसान की चिंता बढ़ गई थी। अब मौसम साफ होने के बाद किसानों ने दोबारा कटाई और मड़ाई का काम शुरू कर दिया है। साफ मौसम से किसानों ने राहत की सांस ली है और उम्मीद जताई जा रही है कि आगे भी मौसम ऐसा ही साफ बना रहेगा।

### हाईकोर्ट ने कहा-एसिड हमले अलग श्रेणी के अपराध

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एसिड हमले के मामलों को बेहद गंभीर बताते हुए कहा कि जिन अपराधों में एसिड को हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, वे अलग श्रेणी के होते हैं। कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में गहन जांच जरूरी है। इसी आधार पर कोर्ट ने संपत्ति विवाद में हुए कथित सुनियोजित एसिड हमले से जुड़ी एफआईआर रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। जस्टिस जे.जे. मुनीर और जस्टिस विनय कुमार द्विवेदी की बेंच ने कहा-एफआईआर में लगाए गए आरोप गंभीर हैं और इसमें घिनौनी साजिश की बात सामने आ रही है।

## लाइफ मंत्र

### 22 या 23 अप्रैल? न हों भ्रमित, नोट कर लें गंगा जयंती की सही तारीख और स्नान-दान का शुभ मुहूर्त



हिंदू धर्म में गंगा सप्तमी, जिसे गंगा जयंती के नाम से भी जाना जाता है का विशेष महत्व है। मान्यताओं के अनुसार, इसी पावन दिन मां गंगा राजा भगीरथ की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं।

वर्ष 2026 में इसकी तिथि को लेकर श्रद्धालुओं के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है कि यह पर्व 22 अप्रैल को मनाया जाए या 23 अप्रैल को।

**तिथि को लेकर क्यों है भ्रम?**

वर्ष 2026 में वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की सप्तमी तिथि का समय कुछ इस प्रकार हैः

**सप्तमी तिथि का आरंभः** 22 अप्रैल 2026, रात 10 बजकर 50 मिनट पर।

**सप्तमी तिथि का समापनः** 23 अप्रैल 2026, रात 8 बजकर 50 मिनट पर।

शास्त्रों के अनुसार, त्योहारों का निर्णय 'उदया तिथि' (सूर्योदय के समय की तिथि) के आधार पर किया जाता है। चूंकि 23 अप्रैल को सूर्योदय के समय सप्तमी तिथि विद्यमान रहेगी, इसलिए गंगा सप्तमी का पर्व 23 अप्रैल 2026 को ही मनाया जाएगा।

**गंगा सप्तमी का पौराणिक महत्व**

पौराणिक कथाओं के अनुसार, पृथ्वी पर उतरते समय गंगा मां के प्रचंड वेग को नियंत्रित करने के लिए भगवान शिव ने उन्हें अपनी जटाओं में धारण किया था। मान्यता है कि इस दिन पवित्र गंगा नदी में स्नान करने से न केवल जन्म-जन्मांतर के पापों का नाश होता है, बल्कि पितरों की आत्मा को भी परम शांति प्राप्त होती है।

**घर पर कैसे करें गंगा सप्तमी पूजा? ( सरल विधि )**

यदि आप गंगा तट पर नहीं जा सकते, तो घर पर ही इन नियमों का पालन करें।

**पवित्र स्नानः** नहाने के पानी में थोड़ा सा गंगाजल मिलाकर स्नान करें।

**सूर्य अर्घ्यः** तांबे के पात्र में जल और गंगाजल मिलाकर भगवान सूर्य को अर्घ्य दें।

**पूजन सामग्रीः** मां गंगा को पुष्प, अक्षत, धूप, दीप और नैवेद्य अर्पित करें।

**मंत्र जापः** पूजा के दौरान 'ॐ नमो गंगायै विश्वरूपिणी नारायणी नमो नमः' मंत्र का श्रद्धापूर्वक जाप करें।

**दीपदान व दानः** शाम के समय घर या मंदिर में दीपदान करें और जरूरतमंदों को फल या अनाज का दान करें।

## Rashmika Mandanna 'Special 30' Birthday! कूर्ग की गलियों में ताज़ा कीं बचपन की यादें, पति विजय देवरकोंडा संग मनाया पहला जन्मदिन



साउथ और बॉलीवुड की चहेती एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने अपना 30वां जन्मदिन बेहद सादगी और इमोशनल अंदाज़ में मनाया। इस बार का जन्मदिन उनके लिए कई मायनों में खास था—पहला यह कि उन्होंने अपने जीवन के तीन दशक पूरे किए, और दूसरा यह कि शादी के बाद पति विजय देवरकोंडा के साथ यह उनका पहला जन्मदिन था। साउथ और बॉलीवुड की चहेती एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने अपना 30वां जन्मदिन बेहद सादगी और इमोशनल अंदाज़ में मनाया। इस बार का जन्मदिन उनके लिए कई मायनों में खास था—पहला यह कि उन्होंने अपने जीवन के तीन दशक पूरे किए, और दूसरा यह कि शादी के बाद पति विजय देवरकोंडा के साथ यह उनका पहला जन्मदिन था।

**अपने होमटाउन कूर्ग लौटीं 'नेशनल क्रश'**

रश्मिका ने इस खास मौके पर चकाचौंध से दूर अपने गृहनगर कूर्ग जाने का फैसला किया। उन्होंने विजय के साथ मिलकर उन जगहों की यात्रा की, जहाँ उनका बचपन बीता था।

**स्कूल की यादें:** रश्मिका अपने पुराने स्कूल गईं। समय की कमी के कारण उन्होंने इसे बाहर से ही देखा, लेकिन वह कुछ पल के लिए अपनी पुरानी यादों में खो गईं।

**मंदिर में दर्शन:** वह उस स्थानीय मंदिर में भी माथा टेकने गईं, जहाँ वह बचपन से अक्सर जाया करती थीं।

**शादी के बाद परिवार संग खास डिनर**

फरवरी 2024 में उदयपुर में हुई ग्रैंड वेडिंग के बाद रश्मिका अपने उन रिश्तेदारों से नहीं मिल पाई थीं, जो शादी में शामिल नहीं हो सके थे। जन्मदिन के बहाने उन्होंने एक छोटी सी डिनर पार्टी रखी, जहाँ उन्होंने अपने परिवार के बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया। रश्मिका मंदाना ने लिखा 'मैंने उन लोगों के बीच केक काटा, जिनकी वजह से मैं आज जो कुछ भी हूँ, वो हूँ। वे लोग जिन्होंने मेरे जन्म से लेकर आज तक मुझे अपना प्यार दिया है। मेरी स्कूल की सहेलियाँ और वे दोस्त, जो अब परिवार बन चुके हैं... सब कुछ बहुत कीमती लग रहा है!'

**वर्क फ्रंट: रश्मिका और विजय फिर दिखेंगे साथ**

रश्मिका मंदाना का करियर इस समय बुलंदियों पर है। उनके पास कई बड़े प्रोजेक्ट्स हैं:

**रणबाली:** वह एक बार फिर अपने पति विजय देवरकोंडा के साथ बड़े पर्दे पर नज़र आएंगी।

**कॉकटेल 2:** बॉलीवुड सुपरस्टार शाहिद कपूर के साथ उनकी यह फिल्म काफी चर्चा में है।

**मायसा:** रविंद्र पुल्ले के निर्देशन में बन रही यह एक तेलुगू थ्रिलर फिल्म है।

**द गर्लफ्रेंड:** रश्मिका इस फिल्म में लीड भूमिका निभा रही हैं, जिसकी शूटिंग हाल ही में चर्चा में रही थी।



# रणवीर सिंह ने अचानक नागपुर पहुँच कर RSS Office में मोहन भागवत से की मुलाकात, सोशल मीडिया पर मचा बवाल

**सफेद कुर्ता पायजामा पहने अभिनेता रणवीर सिंह सीधे डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से संघ मुख्यालय पहुंचे। लगभग डेढ़ घंटे तक चली इस मुलाकात में उन्होंने न सिर्फ अपनी फिल्म पर चर्चा की, बल्कि संघ के कामकाज और सेवा गतिविधियों की जानकारी भी ली।**

हिंदी फिल्म जगत और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच बनते नए रिश्तों ने एक बार फिर हलचल मचा दी है। ताजा घटनाक्रम में अभिनेता रणवीर सिंह का नागपुर पहुंचकर संघ प्रमुख मोहन भागवत से मिलना सिर्फ एक शिष्टाचार भेंट नहीं माना जा रहा, बल्कि इसके गहरे राजनीतिक और सांस्कृतिक मायने निकाले जा रहे हैं। जिस वक्त उनकी फिल्म 'धुरंधर-2 द रिवेंज' दुनिया भर में हजार करोड़ से ज्यादा की कमाई कर इतिहास रच रही है, उसी समय यह मुलाकात कई सवाल भी खड़े कर रही है। नागपुर में रणवीर सिंह का अंदाज पूरी तरह बदला हुआ नजर आया। सफेद कुर्ता पायजामा पहने वह सीधे डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से संघ मुख्यालय पहुंचे। लगभग डेढ़ घंटे तक चली इस मुलाकात में उन्होंने न सिर्फ अपनी फिल्म पर चर्चा की, बल्कि संघ के कामकाज और सेवा गतिविधियों की जानकारी भी ली। इसके बाद उन्होंने रेशिमबाग स्थित डॉक्टर हेडगेवार स्मृति मंदिर जाकर संघ के संस्थापक डॉ. केबी हेडगेवार और एमएस गोलवलकर को श्रद्धांजलि भी दी। लेकिन असली तूफान तो सोशल मीडिया पर उठा। आलोचकों ने इस मुलाकात को सीधे तौर पर 'धुरंधर 2' को संघ का प्रचार करार देने की कोशिश से जोड़ दिया। कई लोगों ने इसे धन्यवाद यात्रा तक कह डाला। सवाल उठने लगे कि क्या फिल्म सिर्फ मनोरंजन है या इसके पीछे कोई वैचारिक एजेंडा भी काम कर रहा है? इन आरोपों के बीच फिल्म निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने मोर्चा संभाला और खुलकर विरोधियों पर हमला बोला। उन्होंने तीखे शब्दों में कहा कि जो लोग सालों से प्रचार आधारित फिल्मों से कॅरियर बना रहे थे, वही अब 'धुरंधर 2' को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने साफ कहा कि सच को प्रचार बताना आज का सबसे बड़ा छल है और इस मानसिकता को खत्म करने के लिए आधे अधूरे कदम नहीं, बाल्कि पूरी ताकत से जवाब देना होगा। यह विवाद यहीं नहीं रुकता। रणवीर सिंह का यह कदम ऐसे समय में आया है जब संघ अपने सौ साल पूरे होने के मौके पर फिल्म जगत के साथ संवाद बढ़ाने में जुटा है। हाल ही में सलमान खान मुंबई में आयोजित शताब्दी समारोह में शामिल हुए थे, जहां मोहन भागवत ने युवाओं पर फिल्मी सितारों के प्रभाव की बात कही थी। करण जौहर ने भी मोहन भागवत को एक प्रभावशाली और रोचक वक्ता बताते हुए संवाद की सराहना की थी। साफ है कि संघ अब सांस्कृतिक क्षेत्र में अपनी पहुंच को और मजबूत करना चाहता है। हम आपको यह भी याद दिला दें कि रणवीर सिंह पहले भी सत्ता के शीर्ष से संवाद कर चुके हैं। उन्होंने 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के दौरान यह बात कही थी कि फिल्में सिर्फ मनोरंजन नहीं बल्कि देश को जोड़ने का जरिया बन सकती हैं। 2021 में आई उनकी फिल्म तिरासी को भी उन्होंने इसी भावना से जोड़ा था, जहां देश के अलग अलग हिस्सों के लोग एक साथ आकर भारत को गौरव दिलाते हैं। अब 'धुरंधर 2' के साथ उनकी सफलता और संघ से जुड़ाव इस सोच को और मजबूत करता नजर आ रहा है। देखा जाये तो 'धुरंधर 2' की बेमिसाल सफलता ने जहां रणवीर सिंह को शिखर पर पहुंचाया है, वहीं यह मुलाकात उन्हें विवादों के केंद्र में भी ले आई है। समर्थक इसे संवाद और सांस्कृतिक जुड़ाव की दिशा में सकारात्मक कदम बता रहे हैं, तो विरोधी इसे खतरनाक संकेत मान रहे हैं। सोशल मीडिया पर सवाल उठाया जा रहा है कि क्या हिंदी सिनेमा अब खुलकर वैचारिक ध्रुवीकरण की ओर बढ़ रहा है? क्या अभिनेता और फिल्मकार अब सिर्फ कलाकार नहीं, बल्कि विचारधारा के प्रतिनिधि बनते जा रहे हैं? बहरहाल, यह कहानी अभी खत्म नहीं हुई है। रणवीर सिंह, उनकी फिल्म और संघ के साथ उनका संपर्क आने वाले समय में हिंदी सिनेमा और राजनीति के रिश्तों की नई पटकथा लिख सकता है। और यही वजह है कि यह पूरा घटनाक्रम सिर्फ खबर नहीं, बल्कि एक बदलते दौर की दस्तक है जिसे नजरअंदाज करना अब नामुमकिन है।

# माधुरी दीक्षित का रियल एस्टेट गेम, शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की O Romeo ओटीटी पर रिलीज



आज बॉलीवुड में 'धुरंधर 2' की ऐतिहासिक सफलता की गूंज है, जिसने रू.1000 करोड़ का आंकड़ा पार कर बॉक्स ऑफिस पर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वहीं, थलपति विजय की फिल्म 'जना नायकन' के रिलीज से पहले लीक होने की खबरों ने फिल्म इंडस्ट्री को सकते में डाल दिया है। आज बॉलीवुड में 'धुरंधर 2' की ऐतिहासिक सफलता की गूंज रू.1000 करोड़ का आंकड़ा पार कर बॉक्स ऑफिस पर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। वहीं, थलपति विजय की फिल्म 'जना नायकन' के रिलीज से पहले लीक होने की खबरों ने फिल्म इंडस्ट्री को सकते में डाल दिया है। टीवी की दुनिया में 'बिग बॉस 19' में चल रहे ड्रामे और सलमान खान की सुरक्षा से जुड़े अपडेट्स चर्चा का केंद्र बने हुए हैं, जबकि अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' और शाहिद कपूर की 'O'Romeo' की रिलीज ने सिनेमा प्रेमियों के उत्साह को दोगुना कर दिया है।

**'जना नायकन' लीक होने पर भड़के मेकर्स, लीगल एक्शन को तैयार**

विजय की मोस्ट अवेडेट अंतिम फिल्म 'जना नायकन' की टीम ने फिल्म के ऑनलाइन लीक होने के बाद एक कानूनी नोटिस जारी किया है मेकर्स दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने वाले हैं। 'जना नायकन' थलपति विजय की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है, क्योंकि राजनीति में पूरी तरह से उतरने से पहले यह उनकी आखिरी फिल्म है 'जना नायकन' को शुरू में 9 जनवरी को रिलीज करने का प्लान था, लेकिन सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (CBFC) ने इसे सर्टिफिकेटदेने से मना कर दिया और दावा किया कि कुछ सीन सही नहीं है।

रणदीप हुड्डा ने अलग अंदाज में बताया बेटी का यूनिक नाम रणदीप हुड्डा और लिन बीते महीने बेबी गर्ल के पेरेंट्स बने थे। एक महीने बाद ही दोनों ने बेटी का प्यारा नाम फैंस के साथ साझा किया। इसके साथ ही बेटी की पहली झलक भी दुनिया को दिखा दी है। रणदीप और लिन ने अपनी बेटी का नाम न्योमिका रखा है। यह नाम न केवल सुनने में मॉडर्न और मधुर है, बल्कि इसका अर्थ भी बेहद गहरा है 'न्योमिका' का अर्थ दिव्य कृपा, स्वतंत्रता और आकाश की तरह असीम होता है।

**शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की 'O'Romeo' ओटीटी पर रिलीज**

शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'O'Romeo' आज ओटीटी पर रिलीज हो गई है। फिल्म आज़ादी के बाद के मुंबई अंडरवर्ल्ड की एक डार्क लव स्टोरी है।

**अन्य रिलीज:** अक्षय कुमार की 'भूत बंगला' भी आज सिनेमाघरों में रिलीज हुई है, जिसे 'भूल भुलैया' जैसा रिस्पॉन्स मिल रहा है।

**माधुरी दीक्षित का रियल एस्टेट गेम**

माधुरी दीक्षित ने मुंबई के रियल एस्टेट मार्केट में हलचल मचा दी है। उन्होंने हाल ही में जुहू स्थित अपना अपार्टमेंट बेचकर मलाड में एक नया कमर्शियल वेंचर शुरू किया है। उनकी इस 'शार्प' बिजनेस स्ट्रैटेजी की काफी तारीफ हो रही है।

**आज की अन्य सुर्खियां:**

**नीना गुप्ता:** एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि मसाबा के जन्म के समय उनके पास सी- सेक्शन के लिए सिर्फ रू.3000 थे।

**सलमान खान:** 'धुरंधर 2' की कामयाबी देख भाईजान ने अपनी फिल्म 'मातृभूमि' के कुछ हिस्सों को दोबारा शूट करने का फैसला किया है ताकि क्वालिटी को और बेहतर बनाया जा सके।

**जया बच्चन:** जया बच्चन के 78वें जन्मदिन पर अमिताभ बच्चन ने एक 'शांत दिन' बिताया और सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट लिखा।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762


मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
नि:संतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक
रविवार 9 से 1 बजे तक
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm
Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी [नियर पासपोर्ट ऑफिस]

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थ्रोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682